# दोपहिया वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो काबू

## दोराहा नहर किनारे बने गोदाम में काटे जाते थे चोरी के वाहन

समर न्यूज़ | लुधियाना



जिले में खन्ना पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी के एक बड़े गिरोह का खुलासा करते हुए बाइक, स्कूटी और अन्य वाहनों की चोरी में लिप्त नेटवर्क को बेनकाब किया है। यह गिरोह चोरी किए गए वाहनों को दोराहा नहर के पास स्थित एक गुप्त गोदाम में ले जाकर उनके पुर्जे अलग-अलग कर देता था और फिर उन्हें विभिन्न स्थानों पर बेच दिया जाता था। पुलिस छापेमारी के दौरान मौके से बड़ी मात्रा में चोरी से जुड़ा सामान बरामद करने में सफल रही है। डीएसपी विनोद कुमार ने बताया कि सिटी थाना खन्ना के एसएचओ संदीप कुमार को शहर में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं को लेकर खुफिया सूचना मिली थी कि इनके पीछे एक संगठित गिरोह सक्रिय है। सूचना मिलते ही पुलिस ने निगरानी बढ़ाई और संदिग्धों पर नजर रखते हुए कार्रवाई शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने बिलां वाली छप्पड़ी क्षेत्र से खन्ना निवासी अवतार सिंह और अर्शदीप सिंह को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों की निशानदेही पर पहले एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई, जिसके बाद पूरे गिरोह के तरीके और नेटवर्क का खुलासा हुआ।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने दोराहा नहर के किनारे एक गोदाम बना रखा था, जहां चोरी की गई मोटरसाइकिल, स्कूटी और अन्य दोपहिया वाहनों को लाकर काटा जाता था। इसके बाद उनके पुर्जों को अलग-अलग हिस्सों में बेच दिया जाता था ताकि वाहनों की पहचान मुश्किल हो सके। पुलिस ने गोदाम पर दबिश देकर करीब 100 दोपहिया वाहनों के कटे हुए पुर्जे बरामद किए। प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि ये वाहन खन्ना, दोराहा, पायल, सरहिंद और माछीवाड़ा साहिब जैसे इलाकों से चोरी किए गए थे।

डीएसपी विनोद कुमार के अनुसार शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि यह गिरोह अब तक 100 से अधिक वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में व्हील, इंजन के पुर्जे और अन्य कीमती सामान बरामद हुआ है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है और जल्द ही और गिरफ्तारियां होने की संभावना है। साथ ही पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि चोरी किए गए पुर्जों की सप्लाई किन स्थानों और किन लोगों तक की जा रही थी।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर घायल , चालक फरार

समर न्यूज़ |लुधियाना

लुधियाना जिले के मुल्लांपुर दाखा में लुधियाना फिरोजपुर रोड स्थित बस स्टैंड के पास एक तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान गांव दाखा निवासी बलदेव सिंह के रूप में हुई है, जो मजदूरी करता है और किसी काम से मुल्लांपुर आया था। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे सिविल अस्पताल सुधार पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे लुधियाना रेफर किया गया। बाद में डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पीजीआई चंडीगढ़ भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि कार चालक लापरवाही से गाड़ी चला रहा था और टक्कर मारने के बाद वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना दाखा पुलिस को दे दी गई है।

# सफाई कर्मचारी पर चाकू से हमला, घायल निगम कर्मचारी अस्पताल में किया भर्ती

समर न्यूज़ | लुधियाना



थाना बस्ती जोधेवाल के नजदीक उस समय हड़कंप मच गया जब एक व्यक्ति ने नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस वारदात में नगर निगम कर्मी विनोद कुमार घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए हमलावर लखबीर सिंह को पकड़ लिया। इसके बाद घायल कर्मचारी और आरोपी को लेकर लोग पहले थाना बस्ती जोधेवाल पहुंचे, लेकिन क्षेत्राधिकार का हवाला देते हुए पुलिस ने उन्हें थाना दरेसी जाने को कहा। पीड़ित विनोद कुमार, जो सलेम टाबरी का रहने वाला है और नगर निगम में सफाई सेवक के रूप में तैनात है, ने बताया कि वह बाल सिंह नगर इलाके में ड्यूटी पर मौजूद था। इसी दौरान लखबीर सिंह वहां आया और बिना किसी चेतावनी के चाकू से उस पर हमला कर दिया। विनोद के अनुसार आरोपी ने उस पर कई बार वार किए और यदि आसपास मौजूद लोग समय रहते हस्तक्षेप न करते तो वह उसकी जान ले सकता था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी को काबू में कर लिया और पहले उसे बस्ती जोधेवाल थाने ले गए। वहां पुलिस ने बताया कि यह मामला थाना दरेसी के अंतर्गत आता है। इसके बाद लोग आरोपी को दरेसी थाने ले गए और पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी लखबीर सिंह बहादुर रोड क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है और पेशे से ई-रिक्शा चालक है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसका विनोद कुमार के साथ पहले से विवाद चल रहा था। इसी पुरानी रंजिश के चलते उसने गुस्से में आकर हमला कर दिया। इस मामले को लेकर थाना दरेसी के एएसआई हरपाल सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और पीड़ित के बयान दर्ज होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शिवपुरी रोड पर निगम की बड़ी कार्रवाई

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम, निहंग सिंहों ने किया विरोध

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़



शहर के शिवपुरी रोड स्थित मछली मार्केट क्षेत्र में सोमवार को नगर निगम और तहबाजारी विभाग की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत सड़क चौड़ीकरण और नई पुली के निर्माण का काम चल रहा है, लेकिन लंबे समय से बने कब्जों के कारण यह काम बार-बार बाधित हो रहा था। इसी के चलते निगम ने साइट पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की। कार्रवाई के दौरान कई पुरानी रेहड़ियों और ठेलों को हटाया गया। टीम जब बुड्ढे दरिया के पास पहुंची तो वहां बैठकर कई सालों से कारोबार कर रहे निहंग सिंहों ने विरोध दर्ज कराया। उनका कहना था कि वे वर्षों से इसी जगह बैठे हैं और अचानक जगह खाली करना उनके लिए मुश्किल है। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से बातचीत कर कुछ और समय की मांग भी की। एटीपी गुरविंदर सिंह लक्की ने बताया कि यह जगह स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अधीन आती है और यहां सड़क को चौड़ा किया जाना जरूरी है। बुड्ढे दरिया के पास कई सालों से कब्जा चल रहा है। नोटिस देकर कई बार समझाया गया, बैठकें भी कीं, लेकिन इसके बावजूद जगह खाली नहीं की गई," उन्होंने कहा। अधिकारियों के अनुसार कब्जाधारियों को अपने कागज़ दिखाने के लिए भी कहा गया, लेकिन उनके पास स्वामित्व साबित करने के वैध दस्तावेज़ नहीं मिले। निगम का कहना है कि शहर के ट्रैफिक को सुचारू बनाने और बरसात के दिनों में जलभराव रोकने के लिए सड़क और पुली का काम जल्दी पूरा होना जरूरी है। सूत्रों के मुताबिक कमिश्नर स्तर पर पहले भी बैठक हो चुकी है, जिसमें कब्जाधारियों ने कुछ दिन की मोहलत मांगी थी। निगम ने समय भी दिया, लेकिन तय समय सीमा खत्म होने के बाद भी कब्जा नहीं हटाया गया। अब निगम इस मामले को उच्च अधिकारियों के साथ दोबारा चर्चा के लिए भेज रहा है ताकि पूरे इलाके को जल्द कब्जा-मुक्त कराया जा सके। कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह की अनहोनी से बचने के लिए पुलिस बल भी मौके पर तैनात किया गया था। हालांकि शुरू में विरोध के कारण माहौल तनावपूर्ण बना रहा, लेकिन बाद में अधिकारियों के समझाने पर स्थिति सामान्य हो गई और कुछ अतिक्रमण खुद ही हटने लगे। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि शहर में जहां-जहां सार्वजनिक जमीन पर कब्जा किया गया है, वहां चरणबद्ध तरीके से अभियान चलाया जाएगा। "यह काम किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि शहर की सुविधा और विकास के लिए किया जा रहा है।

# मालिक के घर पर किया नौकर व उसके साथियों ने हमला

समर न्यूज़ | लुधियाना

मुंडियां इलाके में 31 दिसंबर की रात उस समय सनसनी फैल गई जब एक वर्कर ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर अपने ही मालिक के घर पर जमकर उत्पात मचाया। आरोपियों ने गली में गुंडागर्दी करते हुए तेजधार हथियारों से घर के गेट पर हमला किया, पथराव किया और बाहर खड़ी कार को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। करीब 10 मिनट तक चला यह पूरा घटनाक्रम घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों और मोबाइल वीडियो में कैद हो गया। घटना के दौरान मालिक डीके झा अपने परिवार के साथ पहली मंजिल पर मौजूद थे और बालकनी से वीडियो बनाते रहे। हमलावर बाइक पर सवार होकर पहुंचे और ललकारे मारते हुए मालिक के बेटे को बाहर बुलाने लगे। बताया जा रहा है कि हमले की वजह मोबाइल फोन की किस्तों और पैसों के लेन-देन को लेकर हुआ विवाद है।

# किशोर का अपहरण कर बेरहमी से पिटाई

समर न्यूज़ | लुधियाना



फौजी कॉलोनी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पतंग खरीदने जा रहे एक किशोर को बदमाशों ने चिट्टा तस्कर समझकर किडनैप कर लिया। आरोपी किशोर को जबरन बाइक पर बैठाकर आत्म नगर के आत्म पार्क के पास धूरी लाइन्स स्थित एक कमरे में ले गए, जहां उसे नंगा कर बेरहमी से पीटा गया। इस दौरान बदमाशों ने उसके परिजनों को वीडियो कॉल कर 20 हजार रुपये की रंगदारी भी मांगी।

पीड़ित किशोर के पिता कृष्णा कुमार ने बताया कि बदमाश असल में नीलू नाम के युवक को पकड़ना चाहते थे, जो इलाके में नशे का कारोबार करता है, लेकिन गलती से उनके बेटे अभिषेक को उठा लिया गया। 1 जनवरी को अभिषेक अपनी बाइक पर पतंग लेने निकला था, तभी तीन बाइक पर सवार करीब 9 युवकों ने उसका पीछा कर उसे घेर लिया। आरोपियों ने पहले सरेआम मारपीट की और फिर जबरन उसे बाइक पर बैठाकर कमरे में ले गए।

कमरे में बिंदू, शिवम, सन्नी, नवीन और 4–5 अज्ञात युवकों ने मिलकर किशोर को बंधक बनाया और गैस सिलेंडर के पाइप व चमड़े की बेल्ट से उसकी पिटाई की। आरोपियों ने उसके पिता को वीडियो कॉल कर जान से मारने की धमकी दी और एक देसी पिस्तौल भी दिखाई। बाद में आरोपी किशोर को अधमरी हालत में आरके रोड फाटक के पास फेंककर फरार हो गए। परिजनों की शिकायत पर थाना मोती नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# परिवार से बदसलूकी के बाद किन्नर का माफी मांगने का वीडियो वायरल

समर न्यूज़ | लुधियाना



भारत नगर चौक पर दो दिन पहले उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब किन्नरों के एक समूह ने बीच सड़क पर हंगामा कर दिया। इस कारण न केवल यातायात बाधित हुआ बल्कि एक कार में सवार परिवार को मानसिक परेशानी का सामना भी करना पड़ा। मामला उस समय और बिगड़ गया जब किन्नरों ने सड़क पर ही तमाशा खड़ा कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम में अखिल भारतीय सनातन धर्म किन्नर समाज की प्रमुख माई भोली महंत के हस्तक्षेप के बाद विवाद में शामिल किन्नर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। किन्नर ने कहा कि उनसे गलती हो गई है और भविष्य में ऐसी घटना दोबारा नहीं होगी। उन्होंने लुधियाना के सभी किन्नरों, माइयों, आम जनता और पीड़ित परिवार से माफी मांगते हुए कहा कि घटना के समय उनके साथ मौजूद अन्य लोग मौके से फरार हो गए और वह अकेली फंस गईं। किन्नर ने यह भी स्पष्ट किया कि झगड़े के दौरान उन्होंने प्राची गुरु का नाम डर के कारण लिया था, जबकि उनका उनसे कोई गुरु-शिष्य संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि वे केवल उनके घर आती-जाती थीं, लेकिन वह उनकी गुरु नहीं थीं। वहीं पीड़ित परिवार ने बताया कि वे कार में सवार होकर चौक से गुजर रहे थे, तभी किन्नरों ने रास्ता रोककर बधाई के रूप में पैसे मांगने शुरू कर दिए। परिवार द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर किन्नरों ने बदतमीजी और गाली-गलौज शुरू कर दी। परिवार ने बताया कि वे उस समय गहरे पारिवारिक दुख से गुजर रहे थे। कार में मौजूद महिला ने रोते हुए कहा कि उनके पिता का हाल ही में निधन हुआ था और वे उसी से जुड़े जरूरी काम से बाहर निकले थे। बावजूद इसके किन्नरों ने उनकी स्थिति नहीं समझी और बीच सड़क पर उन्हें अपमानित किया।

**पहल** गंदे पानी और कम प्रेशर की समस्या से मिलेगी बड़ी राहत

# 1.08 करोड़ से बिछेगी 1.20 किमी नई पाइपलाइन

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़



शहरवासियों को साफ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर और लुधियाना पूर्वी के विधायक दलजीत सिंह भोला ग्रेवाल ने सुभाष नगर में नई पाइपलाइन बिछाने के प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। यह कार्य नहरी पानी सप्लाई परियोजना के तहत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शहर के लोगों को शुद्ध और नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इस परियोजना के तहत करीब 1.08 करोड़ रुपये की लागत से 1.20 किलोमीटर लंबी नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिससे सुभाष नगर और आसपास के इलाकों के हजारों घरों को सीधा लाभ मिलेगा। अधिकारियों के अनुसार, नई पाइपलाइन के माध्यम से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही गंदे पानी और कम प्रेशर की समस्या से राहत मिलेगी। मेयर और विधायक ने बताया कि यह काम विश्व बैंक और एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) द्वारा वित्त पोषित नहरी पानी सप्लाई प्रोजेक्ट के पहले चरण का हिस्सा है। इसी योजना के अंतर्गत साहनेवाल के पास बिलगा गांव में एक अत्याधुनिक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी स्थापित किया जा रहा है, जहां नहरी पानी को शुद्ध कर शहर तक सप्लाई किया जाएगा। करीब 1300 करोड़ रुपये की लागत वाले इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के तहत पूरे शहर में नई पानी की टंकियों का निर्माण किया जाएगा और उनसे जुड़ा व्यापक पाइपलाइन नेटवर्क विकसित किया जाएगा। नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दे रही है। सरकार का लक्ष्य केवल तात्कालिक समाधान नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और टिकाऊ विकास सुनिश्चित करना है।


# आरोपों के बीच ट्रांसजेंडर युवती ने की आत्महत्या की कोशिश

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना में ट्रांसजेंडर युवती अदिति ने निजी रिश्ते में तनाव और मानसिक दबाव के चलते आत्महत्या का प्रयास किया। पहले उसने जहरीला पदार्थ निगला, फिर उपचार के बाद घर ले जाकर फंदा लगाने की कोशिश की, लेकिन उसे बचा लिया गया। अदिति का आरोप है कि लक्की उर्फ गोल्डी से एक साल से प्रेम संबंध थे और शादी के भरोसे पर उसने सर्जरी करवाई, बाद में युवक ने शादी से इनकार कर दिया। वहीं युवक ने आरोपों को नकारा है। चौकी जीवन नगर पुलिस के अनुसार अभी कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है और हालत स्थिर होने पर जांच की जाएगी।

# रेलवे ने बिना टिकट यात्रियों से दिसंबर माह में वसूला 2 करोड़ 56 लाख रुपये जुर्माना

सुनील | लुधियाना
समर न्यूज़



फिरोजपुर मंडल में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के चलते दिसंबर माह में फिरोजपुर मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ ने कुल 36516 ऐसे यात्रियों को पकड़ा जिनके पास रेल टिकट नहीं थी। इन सभी यात्रियों से टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा 2 करोड़ 56 लाख रुपए जुर्माना के तौर पर वसूला गया। वही इस मामले में फिरोजपुर मंडल के सीनियर डीसीएम परमजीत सिंह सैनी ने बताया कि मंडल में टिकट चेकिंग स्टाफ लगातार काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि बिना टिकट रेल यात्रा करने वाले लोगों को भी चाहिए कि वह अपनी जिम्मेदारी समझे और टिकट लेकर ही यात्रा करें। इस मामले में रेल अधिकारियों ने बताया कि सन 2025 के दिसंबर माह में 2 करोड़ 56 लाख रुपए जुर्माना के तौर पर वसूले गए हैं जबकि सन 2024 के दिसंबर माह में यह राशि 2 करोड़ 18 थी। उन्होंने बताया कि लगभग 17 प्रतिशत अधिक जुर्माना वसूलकर मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ ने जहां पर अपनी सतर्कता दिखाई है तो वही रेल को भी अधिक मुनाफा हुआ है। मंडल के अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2025 के अप्रैल माह से लेकर दिसंबर माह की अवधि के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा कुल 27 करोड़ 97 लाख रुपए जुर्माना वसूला था जो कि उस से पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 13 प्रतिशत अधिक है। वहीं सीनियर डीसीएम परमजीत सिंह सैनी ने बताया कि मंडल के रेलवे स्टेशनों पर गंदगी फैलाने से रोकने एवं स्टेशनों को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए भी टीमें लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जो लोग रेलवे स्टेशनों पर गंदगी फैलाते हैं उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।




ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 120